संख्या–1245/सत्तर–3–2020

प्रेषक,

अब्दुल समद,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1 निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2 कुलसचिव,
समस्त राज्य एवं निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3 प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अशासकीय एवं निजी
महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 16 जून, 2020

विषय : नैक मूल्यांकन द्वारा उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त किए जाने हेतु कार्यशाला का आयोजन।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में **"नैक मूल्यांकन एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार"** हेतु दिनांक 23 जून, 2020 को पूर्वान्ह 11.00 बजे मा0 उप मुख्यमंत्री जी की गरिमामय उपस्थिति तथा उनकी अध्यक्षता में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जाना निर्धारित है जिसकी मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल महोदया होंगी।

2– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के आई0क्यू0ए0सी0 कोर्डिनेटर/प्राचार्य के नाम एवं ई–मेल आई0डी0 निम्नलिखित लिंक पर दिनांक 19 जून, 2020 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करने का कष्ट करें :–

https://forms.gle/42GTKSwfSd9t3SA98

3– उपरोक्त ई–मेल आई0डी0 पर कार्यशाला का विस्तृत विवरण एवं ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु मीटिंग आई0डी0 एवं पासवर्ड विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालय के आई0क्यू0ए0सी0 कोर्डिनेटर/प्राचार्य को उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

भवदीय,

(अब्दुल समद)
विशेष सचिव

संख्या–1245(1)/सत्तर–3–2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त कुलसचिव, को इस अनुरोध के साथ कि अपने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को इस पत्र की छायाप्रति इस निर्देश के साथ आज ही उपलब्ध कराएं कि उपरावर्तानुसार सूचना तत्काल प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. डॉ0 आर0 के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
5. श्री संजय कुमार दिवाकर, उप निदेशक, रूसा।
6. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से

(अब्दुल समद)
विशेष सचिव।

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

पत्रांक– जे0एन0सी0यू0/आर0कैम्प (सा0प्र0)/1528/2020 दिनांक: 17 जून, 2020

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त महाविद्यालय, सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया,
2. डॉ0 दयालानन्द राय, आई0क्यू0ए0सी0,
3. उप कुलसचिव/सदस्य, आई0क्यू0ए0सी0,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

Scanned with CamScanner